# यूपीईएस और एसजीआरआर विवि ने की बड़ी पहल

## • छात्रों के प्रशिक्षण और अकादमिक पहलों के लिए किया सहयोग

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** यूपीईएस विश्वविद्यालय और श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सहयोग स्थापित किया है।

इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थान आपसी सहयोग के लिए एक रूपरेखा तय करेंगे, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा, छात्र प्रशिक्षण और ज्ञान साझाकरण पर विशेष जोर रहेगा। इस सहयोग के अंतर्गत, दोनों विश्वविद्यालय संस्थानिक भ्रमण की व्यवस्था करेंगे जिससे छात्रों को व्यावहारिक और गहराई से सीखने का अवसर मिलेगा। यूपीईएस के शिक्षक और छात्र श्री महंत इन्द्रेश अस्पताल, फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल और श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज का दौरा करेंगे, जो एसजीआरआर विश्वविद्यालय के प्रमुख संस्थान हैं। वहीं दूसरी ओर, एसजीआरआर विश्वविद्यालय के छात्रों को यूपीईएस की उन्नत स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) सुविधाओं का अनुभव मिलेगा, जहां वे संकाय से संवाद करेंगे और प्रायोगिक शिक्षण में भाग लेंगे। इस सहयोग का एक प्रमुख उद्देश्य छात्रों के प्रशिक्षण और विकास पर केंद्रित है। विशेष रूप से स्वास्थ्य विज्ञान के छात्रों को करियर काउंसलिंग की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, दोनों संस्थान संयुक्त ज्ञान पहलों जैसे कि फैकल्टी एक्सचेंज और मेंटरशिप कार्यक्रमों की संभावनाएं भी तलाश रहे हैं, जिससे संस्थागत क्षमता का विकास हो सके और विभिन्न विषयों में सहभागिता को बढ़ावा मिले। यह सहयोग दोनों संस्थानों की ताकतों को जोड़कर अकादमिक नवाचार और छात्र सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



साझेदारी के दौरान यूपीईएस और एसजीआरआर विवि के पदाधिकारी।